TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

04 अक्टूबर 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो धैर्य रखता है वह जो चाहे पा सकता है।

**बेंजामिन फ्रैंकलिन**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 04 अक्टूबर

1. **विश्व पशु दिवस–** विश्व पशु दिवस प्रतिवर्ष 4 अक्टूबर को जानवरों के कल्याण और संरक्षण के लिए मनाया जाता है। यह दिवस जानवरों के प्रति प्यार प्रकट करता है। यह दिवस सेंट फ्रांसिस का जन्मदिन भी है जो कि जानवरों के महान संरक्षक थे। इस दिवस को मनाने की शुरूआत हेनरिक ज़िमरमन ने किया था। इस दिवस का आयोजन 1931 ई. में इटली के शहर फ्लोरेंस में शुरू हुआ था। इस दिवस का मूल उद्देश्य विलुप्तप्राय प्राणियों की रक्षा करना और मानवों से उसके संबंधों को मजबूत करना था।

2. **स्पुतनिक-I की उड़ान–** सोवियत संघ की मानवरहित उपग्रह 'स्पुतनिक-I' की उड़ान 4 अक्टूबर, 1957 ई. को हुई थी। इस उपग्रह का भार 83 किग्रा. था। इसमें दो प्रेषित्र (20 और 40 MHz) लगे हुए थे, जो 'बीप' का उत्सर्जन करते थे जिन्हें रेडियो के माध्यम से सारी दुनिया में सुना जा सकता था। इससे प्राप्त रेडियों सिग्नलों का विश्लेषण आयनमंडल में इलेक्ट्रॉन का घनत्व का पता लगाने के लिए किया गया था। स्पुतनिक-I का प्रक्षेपण एक R-7 रॉकेट द्वारा किया गया था। 03 जनवरी, 1958 ई. को स्पुतनिक-I पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते समय जल गया। यह अंतरिक्ष में पहला कदम था।

3. **रामचंद्र शुक्ल का जन्म–** हिन्दी के प्रमुख साहित्यकार और आलोचक रामचन्द्र शुक्ल का जन्म 4 अक्टूबर, 1884 ई. को बस्ती जिले के अगोना गांव में हुआ था। वे नागरी प्रचारिणी पत्रिका के भी संपादक रहे। 1939ई. में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्राध्यापक नियुक्त हुए जहां 1939ई. से 1941 ई. में अपनी मृत्यु तक विभागाध्यक्ष का पद सुशोभित किया। 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' उनका अनुठा ऐतिहासिक संग्रह है।

4. **बेल्जियम की स्वतंत्रता–** 4 अक्टूबर 1830 ई. को ही नीदरलैंड्स से बेल्जियम को स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स है। डच, फ्रांसिसी और जर्मन यहाँ की प्रमुख भाषाएं हैं। इसे 'युरोप का अखाड़ा' भी कहा जाता है क्योंकि 16वीं शताब्दी से लेकर 1830 ई. में बेल्जियम की क्रांति तक यूरोपीय शक्तियों के बीच में कई लड़ाइयां इसी की धरती पर लड़ी गई थी। 1830 में बेल्जियम क्रांति के फलस्वरूप एक अस्थायी सरकार और एक राष्ट्रीय कांग्रेस के अधीन, एक स्वतंत्र कैथोलिक और निष्पक्ष बेल्जियम की स्थापना हुई थी। 1831 ई. में लियोपोल्ड को वहाँ का शासक चुना गया। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद, बेल्जियम एक संस्थापक सदस्य के रूप में नाटो (NATO) में शामिल हो गया। बेलिज्यम, नीदरलैंड और लक्जमबर्ग के साथ 'बेनीलक्स' समूह का गठन किया गया।

Friday

/teachersofbihar

Madhu priya

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

4 अक्टूबर

## मधु प्रिया

## आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का जन्म 4 अक्टूबर



आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का जन्म 4 अक्टूबर 1884 ईस्वी में उत्तर प्रदेश बस्ती जिले के अगोना नामक गाँव में हुआ था। इनकी माता जी का नाम विभाषी था और पिता चंद्रबली शुक्ल की नियुक्ति सदर कानूनगो के पद पर मिर्ज़ापुर में हुई तो समस्त परिवार वहीं आकर रहने लगा। जिस समय शुक्ल की अवस्था नौ वर्ष की थी, उनकी माता का देहान्त हो गय। हिन्दी आलोचक, कहानीकार, निबन्धकार, साहित्येतिहासकार, कोशकार, अनुवादक, कथाकार और कवि थे। उनके द्वारा लिखी गई सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है हिन्दी साहित्य का इतिहास, जिसके द्वारा आज भी काल निर्धारण एवं पाठ्यक्रम निर्माण में सहायता ली जाती है। हिन्दी में पाठ आधारित वैज्ञानिक आलोचना का सूत्रपात भी उन्हीं के द्वारा हुआ। हिन्दी निबन्ध के क्षेत्र में भी शुक्ल का महत्त्वपूर्ण योगदान है। भाव, मनोविकार सम्बन्धित मनोविश्लेषणात्मक निबन्ध उनके प्रमुख हस्ताक्षर हैं। शुक्ल ने साहित्य के इतिहास लेखन में रचनाकार के जीवन और पाठ को समान महत्त्व दिया। उन्होंने प्रासंगिकता के दृष्टिकोण से साहित्यिक प्रत्ययों एवं रस आदि की पुनर्व्याख्या की।आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिंदी साहित्य को समृद्धि करने और गौरव के उच्च शिखर तक पहुँचाने की दिशा में साधनारत साहित्यकारों में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जी का स्थान सर्वोपरि है | आचार्य रामचंद्र शुक्ल हिंदी भाषा के सुप्रसिध्द समालोचक व निबन्धकार के रूप में साहित्य जगत में प्रसिद्ध है। इन्होने ने अपनी अद्वितीय निबंध रचनाओं से हिन्दी साहित्य को एक नवीन एवं उपयोगी दिशा प्रदान की है | शुक्ल जी के अभूतपूर्व योगदान के कारण ही इनके तत्कालीन युग को "शुक्ल युग" के नाम से जाना जाता है | इनकी मृत्यु 2 फ़रवरी 1941 बनारस में हुई।

# जयंती विशेष 04 अक्टूबर

राकेश कुमार




**रामचन्द्र शुक्ल** *Ramchandra Shukla*, जन्म- 4 अक्टूबर, 1884, बस्ती ज़िला, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 1941 ई. भारत) बीसवीं शताब्दी के हिन्दी के प्रमुख साहित्यकार थे। उनकी द्वारा लिखी गई पुस्तकों में **हिन्दी साहित्य का इतिहास** प्रमुख है, जिसका हिन्दी पाठ्यक्रम को निर्धारित करने मे प्रमुख स्थान है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 04.10.2024

## शिक्षा में जिज्ञासा सिद्धांत

जिज्ञासा कुछ जानने या सीखने की तीव्र इच्छा है। जिज्ञासा को बच्चों के जन्मजात गुण के रूप में देखा जा सकता है, वे खोज करते हैं, सवाल करते हैं और आश्चर्य करते हैं, और ऐसा करके वे सीखते हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि जिज्ञासा सीखने को अधिक प्रभावी और आनंददायक बनाती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भारत के नागालैंड स्थित लोंगवा एक ऐसा अनोखा गांव है, जहां का मुखिया भारत में खाना खाता है और सोता म्यांमार में है। दोनों देशों की सीमा इस गांव के मुखिया के घर के बीच से होकर निकलती है। देश का आखिरी गांव लोंगवा जितना खूबसूरत हैं, उतनी ही अनोखी यहां की कहानी भी है।

TOB


राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## खेल से जुड़े महत्वपूर्ण सवाल

खेलों से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सवाल और उनके जवाब ये रहे:

- टेनिस में ग्रैंड स्लैम के चार सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कौन-से हैं? ये हैं - विंबलडन, यू.एस. ओपन, फ्रेंच ओपन, और ऑस्ट्रेलियन ओपन.
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं? रोजर बिन्नी बीसीसीआई के वर्तमान अध्यक्ष हैं.
- एथलेटिक्स में अपनी असाधारण गति के लिए किस भारतीय एथलीट को "फ़्लाइंग सिख" के नाम से जाना जाता है? मिल्खा सिंह.
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला कौन हैं? मालवथ पूर्णा.
- भारत क्रिकेट विश्व कप 2023 की मेज़बानी करेगा. यह आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का 13वां संस्करण होगा.



# भागवत झा आज़ाद

जन्म□28 नवंबर 1922

मृत्यु□4 अक्टूबर 2011

Madhupriya

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
आचार्य रामचंद्र शुक्ल
जन्म 4 अक्टूबर 1884
निधन 2 फरवरी 1941

unicef

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

RAKESH KUMAR
MIDDLE SCHOOL BALUA MANER (PATNA)

## माह: अक्टूबर

CHILD HELPLINE
1098

### प्रथम शनिवार

दिनांक **05.10.2024**


दशहरा / छठ / मुहर्रम आदि पर्वों में भीड़ एवं भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव ( प्राथमिक उपचार सी.पी.आर. सहित )



### द्वितीय शनिवार

दिनांक **12.10.2024**

नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी



### तृतीय शनिवार

दिनांक **19.10.2024**

दिवाली के पटाखों एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबधी जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जानकारी



### चतुर्थ शनिवार

दिनांक **26.10.2024**

सड़क दुर्घटना से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी।



## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण